प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

01. वीबी जी राम जी विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बयान–बाजी जारी। लोकसभा में आज विधेयक पर हो रही है विशेष चर्चा।

02. राज्य को मिली सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना की सौगात। तेरह हजार करोड़ रूपये के निवेश से नवादा में दो पंप स्टोरेज बिजली घर का निर्माण होगा।

03. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा– निर्माण कार्यों को लटकाने और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डाला जायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न भागों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की। उन्नीस दिसम्बर के बाद ठंड में और बढ़ोतरी का भी अनुमान।

——————————————————

मनरेगा के स्थान पर नये विधेयक विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण, वीबी जीराम जी के नाम को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। आज लोकसभा में इस विधेयक पर विशेष चर्चा हो रही है। इससे पहले समस्तीपुर से लोजपा रामविलास की सांसद शाम्भवी चौधरी ने कहा है कि विपक्ष इस मुद्दे पर बिना मतलब की बात कर रहा है। उन्होंने दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि गांधीजी का ही विचार था की राम राज स्थापित होना चाहिए।

———बाईट———

इधर, राजद सांसद मनोज झा ने आरोप लगाया कि सरकार ने मनरेगा योजना में हुइ गड़बड़ियों को छुपाने के लिए वीबी जीराम जी विधेयक लाया है। श्री झा ने कहा कि मनरेगा योजना ने देश को एक सुरक्षा कवच दिया था, लेकिन सरकार इस योजना को मजबूत बनाने की बजाय इसकी आत्मा को ही खत्म कर रही है।

———बाईट———

——————————————————

राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा समझौत किया है। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के अन्तर्गत बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड और कुछ चयनित एजेंसियों के बीच आज तेरह हजार करोड़ रूपये के निवेश से जुड़े दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इसके तहत नवादा जिले में एक इक्कीस सौ बीस मेगावाट क्षमता वाले दो पंप स्टोरेज बिजली घरों का निर्माण किया जायेगा।

पटना के विद्युत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि यह राज्य की अब तक की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना है। इससे राज्य में स्वच्छ और निर्बाध बिजली आपूर्ति को और मजबूती मिलेगी।

———————————————————

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य में छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए रूफ टॉप सोलर पैनल लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। साथ ही उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

———बाईट———

———————————————————

केन्द्रीय सड़क तथा परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पारंपरिक टोल वसूली प्रणाली के स्थान पर अगले वर्ष के अंत तक पूरे देश में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली लागू कर दी जाएगी। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान श्री गडकरी ने कहा कि इस प्रणाली के लागू होने के बाद लगभग एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये के ईंधन की बचत होगी।

———————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि आधार कार्ड धारकों के डेटा पूरी तरह सुरक्षित है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि अब तक भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण – यू आई डी ए आई के डेटाबेस से कोई सेंधमारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आधार विश्व की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली है, जिसके लगभग 134 करोड़ सक्रिय धारक हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने अपने डेटाबेस की सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा अवसंरचना लागू की है।

———————————————————

राज्य सरकार ने भूमि विवाद से संबंधित विवादों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए कल पटना के ज्ञान भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। उपमुख्यमंत्री सह भूमि सुधार और राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता–डीसीएलआर और अंचलाधिकारियों के साथ भूमि सुधार जन कल्यायण कार्यशाला में भूमि सुधार के उपायों पर विचार विमर्श किया जायेगा।

———————————————————

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा है कि विभाग की लम्बित योजनाओं को जल्द पूरा किया जायेगा। श्री सिंह ने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुये कहा कि समय पर कार्य पूरा नहीं करने वाले को कोई नया काम नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ठेकेदारों को काली सूची में डाला जायेगा।

———बाईट———

———————————————————

निगरानी विभाग भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में निगरानी विभाग की टीम ने आज अरवल जिले के बंसी थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक मोहम्मद मुस्तफा को पांच हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कदवां गांव एक भूमि विवाद के जांच के दौरान एक पक्ष से रिश्वत ले रहा था।

———————————————————

जहानाबाद की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में दोषी पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी पर दस–दस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। इधर, अररिया के व्यवहार न्यायालय स्थित उत्पाद अदालत ने शराब बरामदगी मामले में दोषी एक व्यक्ति को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने एक लाख रूपये का अर्थदंड भी सुनाया है।

———————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। सीवान के सदर अस्पताल परिसर में पचास बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री पांडेय ने कहा कि प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के संकल्प में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सात निश्चिय तीन में सबसे ऊपर रखी गयी है।

———बाईट———

———————————————————

अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र प्रसाद रौशन ने कहा है कि राज्य सरकार एससी–एसटी समुदाय के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। श्री रौशन ने पटना के तारामंडल में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुये कहा कि इस वर्ग के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

———बाईट———

सेमिनार में केन्द्रीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति मंत्रालय के कई वरीय अधिकारी, विषय विशेषज्ञ और अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

———————————————————

यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुये रेलवे ने विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। इसी कड़ी में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अन्तर्गत डिब्रूगढ़–लखनऊ के बीच उन्नीस दिसम्बर को विशेष ट्रेन चलायी जायेगी। कटिहार रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि यह ट्रेन बिहार के कटिहार–बरौनी–समस्तीपुर–मुजफ्फरपुर और छपरा स्टेशनों से गुजरेगी। उन्नीस दिसम्बर को दोपहर दो बजे डिब्रूगढ़ से रवाना होगी जबकि वापसी में तेईस दिसम्बर को लखनऊ रेलवे स्टेशन से खुलेगी।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के अधिकतर भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

———————————————————

भागलपुर के रीतेश कुमार साह ने बिना गेयर वाली साईकिल से एवरेस्ट के बेस कैम्प तक पहुंचकर कीर्तिमान बनाया है। रीतेश ने इकतालीस दिनों में यात्रा पूरी कर बीते तीन दिसम्बर को एवरेस्ट की चोटी चढ़कर बेस कैम्प पर तिरंगा लहराया। हालांकि इस दौरान उनकी तबीयत खराब हो जाने से वापस लौटने में उन्हें परेशानी हो रही है। इधर, रीतेश की सकुशल वापसी को लेकर परिजनों ने स्थानीय सासंद अजय मंडल और जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी से मिलकर सहायता के लिए गुहार लगायी है।

———————————————————

प्रदेश के सभी प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया जनवरी महीने से शुरू होगी। शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा निदेशालय और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्रोन्नति प्रक्रिया को लेकर कार्रवाई तेज कर दी है।

———————————————————

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी कल पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करेंगे। श्री सरावगी ने आज दरभंगा के कुशेश्वर स्थान में पूजा–अर्चना के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुये यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है, इसके लिए केन्द्रीय नेतृत्य का आभार व्यक्त करते हैं। श्री सरावगी ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए प्रयास करेंगे।

———————————————————

भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री कोविंद ने सोशल मीडिया पर तस्वीरों के साथ यह जानकारी साझा की है। पूर्व राष्ट्रपति ने लिखा है कि शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उन्होंने श्री नबीन को उनके नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

———————————————————

सिख पंथ के दसवें और अंतिम गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व को लेकर आज तीसरे दिन प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह सत्ताईस दिसम्बर को होगा।

———————————————————

रोहतास जिले के नासरिगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत इटम्हा बाजार में भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में आज पटना में भाजपा प्रदेश कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला गया। कार्यकताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले कबाद ईडी के दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया।

———————————————————

अरवल जिले में कलेर प्रखंड के राम कृत उच्च विद्यालय में उन्नीस दिसंबर को मार्गदर्शन सह रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। मेले में पांचवी पास से लेकर उच्च योग्यता वाले अठारह से पैंतीस वर्ष के युवक भाग ले सकते हैं।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. वीबी जी राम जी विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बयान–बाजी जारी। लोकसभा में आज विधेयक पर हो रही है विशेष चर्चा।

02. राज्य को मिली सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना की सौगात। तेरह हजार करोड़ रूपये के निवेश से नवादा में दो पंप स्टोरेज बिजली घर का निर्माण होगा।

03. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा– निर्माण कार्यों को लटकाने और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डाला जायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न भागों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की। उन्नीस दिसम्बर के बाद ठंड में और बढ़ोतरी का भी अनुमान।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।